नवभारत
Nagpur Metro | 29 August 2026 | Page 5

डिजिटल धोखाधड़ी से बचने जागरूकता

सुरक्षित डिजिटल लेन-देन के महत्व की जानकारी दी

■ **मोहपा (सं.).** डिजिटल लेन-देन के बढ़ते इस्तेमाल के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी की घटनाएं भी लगातार बढ़ रही हैं. इसी पृष्ठभूमि में नागरिकों में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से म्हसेपठार ग्राम पंचायत में विशेष जनजागरूकता सत्र का आयोजन किया गया. 'साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा' अभियान के अंतर्गत आयोजित इस सत्र में ग्राम पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ महिला बचत समूहों की सदस्यों को सुरक्षित डिजिटल लेन-देन के महत्व की जानकारी दी गई.

साइबर ठगी को विस्तार से समझाया : शासकीय न्यायसहायक विज्ञान संस्था, नागपुर की दीप्ती प्रसाद और श्रेया बोमेडवार ने उपस्थित लोगों को साइबर अपराधों के विभिन्न प्रकारों के बारे में मार्गदर्शन दिया. फिशिंग, यूपीआई धोखाधड़ी, ओटीपी और पिन मांगने वाले फोन कॉल, फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट, आइडेंटिटी थेफ्ट, ऑनलाइन आर्थिक धोखाधड़ी तथा 'डिजिटल अरेस्ट' जैसी साइबर ठगी की विभिन्न पद्धतियों को सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाया. मोबाइल को सुरक्षित रखने किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, मजबूत पासवर्ड का उपयोग सहित अनजान अथवा संदिग्ध लिंक से कैसे सावधान रहें. सरकारी ऑनलाइन पोर्टल का सुरक्षित तरीके से इस्तेमाल कैसे करें, इस संबंध में भी मार्गदर्शन किया. 'गोपनीय जानकारी, गोपनीय ही रहे!' पासवर्ड से संबंधित किसी भी संवेदनशील जानकारी को साझा नहीं करने की अपील की. धोखाधड़ी का शिकार होने पर घबराने के बजाय तुरंत शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया और आवश्यक सावधानियों की जानकारी भी उपस्थित लोगों को दी गई.



महिला बचत समूहों की उपस्थिति

महिला बचत समूहों की सदस्यों ने इस उपक्रम को उत्स्फूर्त प्रतिसाद देते हुए सत्र में सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई. 'साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा' अभियान, नागपुर और विवेक हील फाउंडेशन के संयुक्त साइबर जनजागरूकता अभियान का हिस्सा है. डिजिटल युग में तकनीक का सुरक्षित और जिम्मेदारी से इस्तेमाल करने के लिए इस तरह के जनजागरूकता कार्यक्रमों की आवश्यकता होने की बात इस अवसर पर रेखांकित की गई.